वर्ष- 02 अंक- 227
छपरा
8 जुलाई मंगलवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक
# खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com | E-Paper | website : www.dainikkhojkhabar.live

## गर्भवती महिला की जान बचाकर हीरो बने सेना के मेजर रोहित, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने की तारीफ



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय सेना के जवान सिर्फ सरहद पर ही नहीं, आम जिंदगी में भी लोगों की सुरक्षा और सेवा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इसका एक शानदार उदाहरण हाल ही में सामने आया, जब सेना के मेजर रोहित बच्चवाला ने बिना किसी मेडिकल सुविधा के एक गर्भवती महिला की जान बचाई। उनकी इस बहादुरी और समझदारी की तारीफ खुद सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने की है।

यह घटना 5 जुलाई 2025 की है। सेना के मेजर रोहित बच्चवाला छुट्टी पर अपने घर हैदराबाद जा रहे थे। वे झांसी मिलिट्री अस्पताल से निकलकर झांसी रेलवे स्टेशन पहुंचे, तभी उनकी नजर स्टेशन के लिफ्ट के पास एक महिला पर पड़ी। वह महिला व्हीलचेयर से गिर गई थी और गंभीर प्रसव पीड़ा से जूझ रही थी।

**बिना देर किए महिला की मदद के लिए आगे आए मेजर :**मेजर रोहित ने तुरंत हालात को समझा और बिना किसी देरी के महिला की मदद करने के लिए आगे बढ़े। वहां कोई डॉक्टर या मेडिकल स्टाफ नहीं था। मेजर रोहित ने अपनी मेडिकल ट्रेनिंग और समझदारी का इस्तेमाल करते हुए महिला की स्थिति संभाली। महिला की हालत बहुत नाजुक थी, लेकिन मेजर ने हिम्मत नहीं हारी।

## एक्स गर्लफ्रेंड को अश्लील मैसेज भेजा तो कपड़े उतारकर पिटाई

### नए बॉयफ्रेंड और उसके दोस्तों ने मारा; पुलिस बोली-एक्टर दर्शन से प्रेरित थे आरोपी

**बेंगलुरु,एजेंसी।** बेंगलुरु में एक युवक की पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में 8 से 10 लोग उसे पीटते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान युवक के कपड़े उतार कर प्राइवेट पार्ट्स पर वार भी किया गया। एक आरोपी ने रेणुकास्वामी हत्याकांड का जिक्र करते हुए धमकी दी, जिसमें अभिनेता दर्शन पर एक युवक को मारने का आरोप है।

पीड़ित की पहचान कुशल के रूप में हुई है, जो दो साल तक एक कॉलेज छात्रा के साथ रिश्ते में था। कुछ महीने पहले ब्रेकअप हुआ और लड़की ने किसी और से रिश्ता बना लिया। गुस्से में कुशल ने लड़की को अश्लील मैसेज भेजे।

इसके बाद लड़की, उसका नया बॉयफ्रेंड और उसके दोस्त नाराज हो गए। पुलिस के मुताबिक, इन लोगों ने 30 जून को कुशल को एक बहाने से बुलाया और फिर कार में अगवा कर झील के पास एक सुनसान जगह पर ले जाकर पीटा। पुलिस ने अब तक इस मामले में 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि कुशल की हालत अब स्थिर है। उन्होंने यह भी कहा कि हमले में शामिल लोगों ने दर्शन वाले केस से प्रेरित होकर यह कदम उठाया। मामले की जांच जारी है और बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## ब्रिक्स ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा

# पीएम मोदी ने पाक को लताड़ा, कहा- आतंक को शह देने वालों को मिले सजा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** ब्रिक्स समिट 2025 में भारत के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले का मुद्दा छाया रहा. ब्रिक्स के सभी सदस्य देशों ने इस हमले की सख्त निंदा करते हुए आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ने का संकल्प दोहराया. रूस, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और अन्य देशों ने भी भारत के साथ एकजुटता दिखाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रियो डी जेनेरियो में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित किया. पीएम मोदी ने आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान को जमकर लताड़ा है.

**पहलगाम हमले की सख्त निंदा :**ब्रिक्स ने पहलगाम हमले को 'अत्यंत निंदनीय' और 'अपराधपूर्ण' करार दिया. यह पहली बार है जब ब्रिक्स जैसे मंच पर भारत में हुए किसी आतंकी हमले की इतनी स्पष्ट निंदा की गई. घोषणापत्र में सभी देशों से आतंकवाद के खिलाफ बिना किसी दोहरे मापदंड के कड़े कदम उठाने की अपील की गई.

**आतंकवाद किसी भी रूप में नही स्वीकार्य :**ब्रिक्स घोषणापत्र में कहा गया कि आतंकवाद किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है. चाहे उसका मकसद कुछ भी हो, उसे किसी धर्म, नस्ल, राष्ट्रीयता या सभ्यता से नहीं जोड़ा जाना चाहिए. सभी आतंकी संगठनों और उनके समर्थकों को सजा मिलनी चाहिए। **पाकिस्तान पर बढ़ा अंतरराष्ट्रीय दबाव :**प्रधानमंत्री मोदी के सख्त रुख और ब्रिक्स देशों की एकजुटता से पाकिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव और बढ़ गया है. भारत ने पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक मंचों पर आतंकवाद के मुद्दे को मजबूती से उठाया है, जिसका असर अब दिखने लगा है.


### पीएम मोदी ने मित्र देशों का किया आभार व्यक्त

पीएम मोदी ने आगे कहा, 'इस दुख की घड़ी में, मैं उन मित्र देशों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं जो हमारे साथ खड़े रहे जिन्होंने समर्थन और संवेदना जताई. आतंकवाद की निंदा करना हमारा 'सिद्धांत' होना चाहिए न कि केवल 'सुविधा'. अगर हम पहले यह देखेंगे कि हमला किस देश में हुआ, किसके खिलाफ हुआ, तो यह मानवता के साथ विश्वासघात होगा ।भारत ने एक बार फिर दोहराया कि वह आतंक के खिलाफ वैश्विक सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और आतंक को समर्थन देने वाले देशों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ।

ब्रिक्स समिट में पहलगाम आतंकी हमले की चर्चा और पाकिस्तान पर पीएम मोदी की सख्ती ने यह साफ कर दिया कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक नेतृत्व करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है.

## लालू बोले- 2 गुजराती बिहारियों से वोटिंग राइट्स छीन रहे

### तेजस्वी ने कहा- 9 जुलाई को बिहार बंद में चुनाव आयोग-सरकार के होश ठिकाने लाएंगे; राहुल भी रहेंगे



**पटना,एजेंसी।** बिहार चुनाव से पहले हो रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर सियासत गर्म है। विपक्ष ने 9 जुलाई को बिहार बंद बुलाया है। इसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने वोटर लिस्ट रिवीजन की प्रक्रिया को 'वोट बंदी' करार दिया है। इसे लेकर उन्होंने आज यानी सोमवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। तेजस्वी ने कहा, 6 जुलाई को इलेक्शन कमीशन से मिलने गए थे, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पटना का इलेक्शन कमीशन कोई काम का नहीं है, पोस्ट ऑफिस जैसा है, निर्णय लेने लायक नहीं है।

**लालू बोले- दो गुजरातियों को बिहारियों से नफरत :** इधर पूरे मामले पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने यादव ने पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को आड़े हाथों लियाहै। लालू ने सोशल मीडिया ङ्ग पर लिखा, दो गुजराती मिलकर 8 करोड़ बिहारियों के वोट का अधिकार छीनने का प्रयास कर रहे हैं। इन दो गुजरातियों को बिहार, संविधान और लोकतंत्र से सख्त नफरत है। जागो और आवाज उठाओ.. लोकतंत्र और संविधान बचाओ।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग पहुंचे ओवैसी, कहा- प्रक्रिया के लिए और समय दिया जाए



बिहार में आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की प्रक्रिया को लेकर एआईएमआईएम का प्रतिनिधिमंडल सांसद असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल के चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान ओवैसी ने कहा कि हम मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ नहीं है। लेकिन इस प्रक्रिया के लिए थोड़ा और समय दिया जाना चाहिए। एआईएमआईएम के प्रमुख अगर 15-20 फीसदी लोगों के नाम मतदाता सूची से छूट भी गए, तो वे अपनी नागरिकता भी खो देंगे। अगर किसी का नाम हटा दिया जाएगा, तो वह व्यक्ति न केवल अपना वोट खो देगा, बल्कि यह उसकी आजीविका का भी मुद्दा है।

## तेलंगाना फैक्ट्री धमाका:मरने वालों का आंकड़ा 42 हुआ, 8 लापता

### घटनास्थल से हड्डियां, शरीर के जले अंग मिले; 6 दिन बाद भी सर्च ऑपरेशन जारी

**हैदराबाद,एजेंसी।** तेलंगाना की फॉर्मा फैक्ट्री धमाके में मरने वालों का आंकड़ा 42 हो गया है। रविवार को एक व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि एक शव की पहचान DNA जांच से हुई है। 8 लोगों लापता हैं। हादसे से 6 दिन बाद भी सर्च ऑपरेशन जारी है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि शनिवार और रविवार को घटनास्थल से कुछ हड्डियां और शरीर के जले अंग मिले हैं। इनका DNA टेस्ट चल रहा है। यदि इनका मिलान होता है तो लापता लोगों की संख्या घट सकती है। हादसा 30 जून को पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ था। घटना के दौरान फैक्ट्री में 150 लोग थे, जहां ब्लास्ट हुआ वहां 90 लोग मौजूद थे। उस दिन रेस्क्यू और मेडिकल टीम ने 31 शव बरामद किए थे।

## पंजाब में सवारियों से भरी बस पलटी 8 की मौत,17 से ज्यादा गंभीर

### कार की टक्कर से बेकाबू हुई, जेसीबी से निकालीं लाशें

**होशियारपुर,एजेंसी।** पंजाब के होशियारपुर जिले में सोमवार सुबह 10 बजे यात्रियों से भरी एक बस सामने से आ रही कार से टकरा गई। इसके बाद बस बेकाबू होकर बीच सड़क पर ही पलट गई, जिससे 8 लोगों की मौत हो गई। जबकि, 17 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बस में कुल 39 यात्री सवार थे। मरने वालों में मां और बेटी भी शामिल हैं। जिनकी पहचान रज्जू बाला बेटी अशरफ अली और मीना पत्नी अशरफ अली निवासी बुड्डा मल के रूप में हुई है।

यह हादसा दसूहा-हाजीपुर रोड पर अड्डा सगरां के पास हुआ। हादसे के बाद मौके पर मची चीख-पुकार को सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे। मौके से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद 7 से ज्यादा लोगों को गंभीर हालत में अमृतसर रेफर किया गया। बस से घायलों और मृतकों को निकालने के लिए जेसीबी का सहारा लेना पड़ा। जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। ष्ठस्क्क का कहना है कि जांच में जो भी फैक्ट सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



**दसूहा की ओर जाती बस के साथ हादसा :**चश्मदीदों के मुताबिक, यह बस दसूहा की ओर जा रही थी। जब बस अड्डा सगरां के पास पहुंची तो सिंगल रोड पर इसकी टक्कर सामने से आ रही कार से हो गई। बस तेज रफ्तार में थी, इसलिए ड्राइवर इसे कंट्रोल नहीं कर सका और बस थोड़ी आगे जाकर बीच सड़क पर ही पलट गई।

## कोई भी अमित शाह से मिल सकता है, राज ठाकरे की मुलाकात पर बोले केंद्रीय मंत्री अठावले

**मुंबई,एजेंसी।** शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने एक साप्ताहिक लेख में मनसे प्रमुख राज ठाकरे पर तीखा तंज कसा और शिवसेना यूबीटी के मुश्किल वक्त में राज ठाकरे के अमित शाह से मुलाकात पर सवाल खड़े किए। संजय राउत का यह लेख ऐसे समय सामने आया है, जब बीते शनिवार को ही राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे करीब दो दशक बाद एक ही मंच पर दिखाई दिए।

**केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले बोले- ये लोकतंत्र है-**संजय राउत के लेख पर केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि मुझे लगता है कि राज ठाकरे महाराष्ट्र के एक जाने-माने नेता हैं और उन्होंने बालासाहेब ठाकरे से अलग होकर अपनी पार्टी बनाई। उन्होंने पीएम मोदी का भी समर्थन किया।

### अमरनाथ यात्रा-4 दिन में 50 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

## बारिश के बीच 5वां जत्था जम्मू से रवाना 3.5 लाख यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन किया



**पहलगाम,एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा के पहले 4 दिनों में 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए हैं। यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। चौथे दिन रविवार को 21,512 तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे। इस बीच रविवार को 7502 यात्रियों का 5वां जत्था जम्मू से पहलगाम के नुनवान और कश्मीर के गांदरबल के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। जत्थे में 5,973 पुरुष, 1,169 महिलाएं, 34 बच्चे, 310 साधु और 16 साध्वी शामिल हैं।

38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूट से जारी है। समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे।

अबतक 3.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में सरस्वती धाम, वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में सेंटर खोले गए हैं। यहां रोज 2000 श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन जारी है।

## मणिपुर : सुरक्षाबलों के मिली बड़ी सफलता, इंफाल ईस्ट से पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल,एजेंसी।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले से दो प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, रविवार को केइराओ खुनौ इलाके से प्रतिबंधित संगठन पीआरईपीएके के तीन सक्रिय कैडरों को पकड़ा गया। इनमें से दो नाबालिग हैं और उनके साथ किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार व्यवहार किया गया है। इसी दिन, केइबी हेइकक मपान अवांग लीकाई इलाके से प्रतिबंधित कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी के मुताबिक, ये दोनों उग्रवादी फिरौती वसूलने के लिए आए थे और उसी दौरान सुरक्षा बलों ने उन्हें पकड़ लिया। इसके अलावा शनिवार को बिष्णुपुर जिले के संतिपुर इलाके के नेपाली बस्ती में एक अन्य अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने दो राइफल, दो खाली मैगजीन, सात हैंडसेट, दो देसी मोर्टार और कई अन्य सामान बरामद किए। ज्ञात हो कि मणिपुर में दो साल पहले शुरू हुई जातीय हिंसा के बाद से सुरक्षा बल लगातार तलाशी अभियान चला रहे हैं।

# यमुनोत्री हाईवे पर पुल बहा, बद्रीनाथ मार्ग लैंडस्लाइड से बंद

### म.प्र-शहडोल में 3 हजार घरों में पानी भरा; हिमाचल में अब तक 82 की मौत



मध्य प्रदेश के जबलपुर में बरगी डैम के 9 गेट खोले गए।





**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ,एजेंसी।** उत्तराखंड में भारी बारिश जारी है। उत्तरकाशी में यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी इलाके में पुल बह जाने से आसपास के इलाकों का सड़क संपर्क टूट गया है। वहीं, श्रीनगर में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है। मध्य प्रदेश के शहडोल में बीते 24 घंटे में 4 इंच बारिश हुई। आधी रात में 3 हजार से ज्यादा घरों में पानी भर गया। यहां अस्पताल में पानी भर जाने पर मरीजों को शिफ्ट करना पड़ा। रेलवे ट्रैक डूब जाने से 4 घंटे तक ट्रेन रूट बंद रहा। हिमाचल प्रदेश में 20 जून से 6 जुलाई के बीच बादल फटने की 19 घटनाएं हुईं। 23 बार बाढ़ और 19 बार लैंडस्लाइड हुए। 269 सड़कें बंद हैं। बारिश से जुड़े हादसों में अब तक 82 लोगों की जान जा चुकी है। यूपी के अयोध्या में सरयू का जलस्तर 91.35 मीटर पहुंच गया है। यह वॉर्निंग लेवल से सिर्फ 20 सेमी नीचे है। 24 घंटे में ही 24 सेमी का इजाफा हुआ है। कानपुर में गंगा किनारे की बस्तियों में बाढ़ का खतरा है।

### दिल्ली में एनएच-48 पर 2 किमी लंबा जाम,बारिश से शहडोल रेलवे स्टेशन में पानी भरा



देशभर में मानसून पूरी तरह से एक्टिव हो गया है। सोमवार को देशभर के सभी राज्यों में बारिश जारी है। दिल्ली के एनएच-48 पर कई जगह दो-दो किमी लंबा जाम लगा है। गाड़ियां घंटों से फंसी हुई हैं। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में तेज बारिश जारी है। इसके चलते बद्रीनाथ मार्ग कई जगहों पर बंद हैं। इधर, मध्यप्रदेश में भी बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। शहडोल में 24 घंटे में 4 इंच बारिश हुई। इससे 3000 से ज्यादा घरों में पानी घुस गया और रेलवे स्टेशन में भी पानी भर गया। दिल्ली और आसपास के इलाकों में सोमवार सुबह बारिश हुई, जिससे गर्मी से राहत मिली। हालांकि, कुछ जगहों पर जलभराव हो गया, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों और ऑफिस जाने वालों को परेशानी हुई। एनएच-48 पर पानी भर गया, इसके चलते कई जगह दो-दो किमी लंबा जाम लग गया।

# नेल्सन द्वीप पर पहली बार गूंजा भारतीय लोकगायिका डॉ. शैलेश श्रीवास्तव का स्वर

विवेकानंद सिंह ।

दैनिक खोज खबर/बलिया (उ.प्र.)। त्रिनिदाद एंड टोबैगो गणराज्य की राजधानी पोर्ट ऑफ़ स्पेन स्थित भारतीय उच्चायोग द्वारा 31 मई, 2025 को टीएंडटी के नेल्सन द्वीप पर 1845 में कैरेबियाई तट पर भारत के पहले गिरमिटिया जत्था के आगमन के 180 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पहली बार भारतीय आगमन दिवस का आयोजन किया गया।

ज्ञातव्य है कि 23 फरवरी, 1845 को कलकत्ता (अब कोलकाता) से फेटेल रोज़ैक नामक जहाज, 225 भारतीय गिरमिटिया मजदूरों के पहले समूह के साथ (जिसमें अधिकांश (वर्तमान उत्तर प्रदेश, बिहार और बंगाल के युवा पुरुष और महिलाएँ शामिल थीं) रवाना हुआ और 30 मई, 1845 को त्रिनिदाद की खाड़ी में पहुँचा। जहाँ आज भी उनके वंशज रहते हैं; वर्तमान समय में टीएंडटी की माननीय प्रधानमंत्री हैं - कमला प्रसाद-बिसेसर, जो मूलतः बिहार के बक्सर ज़िला की मूल निवासी हैं। उपरोक्त कार्यक्रम में पोर्ट ऑफ स्पेन में पदास्थापित, भारतीय उच्चायुक्त, एच. ई. डॉ. प्रदीप राजपुरोहित ने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और टीएंडटी के सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक ताने-बाने पर भारतीय प्रवासियों के स्थायी प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा ÷यह स्मरणोत्सव हमारे पूर्वजों के संघर्षों और विजयों का सम्मान करता है, साथ ही इस राष्ट्र को समृद्ध बनानेवाली जीवंत भारत-त्रिनिदाद पहचान का जश्न मनाता है। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में टीएंडटी के प्रतिनिधि-सभा के अध्यक्ष, जगदेव सिंह, उपसभापति, डॉ. आइना अली, वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री, संसदीय सचिव, संसद सदस्य, महापौर और कैरेबियाई देश के सामुदायिक नेताओं सहित विविधवर्ग के लोगों ने भाग लिया, जिसके मुख्य अतिथि थे - विदेश एवं कैरेबियाई समुदाय (कैरिकॉम) मामलों के मंत्री, सीन सोबर्स और इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था - भोजपुरी सांस्कृतिक मंडली का प्रदर्शन, जिसका नेतृत्व भारत की राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू द्वारा केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित, डॉ. शैलेश श्रीवास्तव कर रही थीं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भोजपुरी गायन की रानी के रूप में जाना जाता है। उन्हें यह अवसर भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद्, नई दिल्ली की ओर से प्रदान किया गया था। उन्होंने वहाँ हिन्दी गीतों के साथ ही भोजपुरी और आंग्ल मिश्रित गीत, आजु के दिनवा भैया आजु के दिनवा, अयिनी एही धरतिया पर.....÷ गाकर सभास्थल पर उपस्थित श्रोताओं एवं दर्शकों को भाव विह्वल कर दिया।उत्तर प्रदेश के बलिया नगर के दिवंगत कवि, लल्लन बी. ए. एवम् कालिंदी देवी की ज्येष्ठ सुपुत्री, पूर्व आई.बी.(पी) एस. अधिकारी, भारत सरकार, दूरदर्शन मुम्बई, डॉ. (श्रीमती) शैलेश श्रीवास्तव की प्रारम्भिक शिक्षा बलिया में हुई; वह आकाशवाणी/दूरदर्शन की ÷सर्वोच्च÷ ग्रेड की गायिका हैं; लेखिका, शोधार्थी डॉ. शैलेश को क्रमशः केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी तथा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी ने पुरस्कृत किया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल बलिया या मात्र उत्तर प्रदेश का, बल्कि सम्पूर्ण भारत का गौरव बढ़ा है।



पोर्ट ऑफ स्पेन में मंच पर डॉ. शैलेश श्रीवास्तव एवं साथी (फोटो साभार एचसीआई, टीएंडटी)

## सिवान की नृशंस हत्या पर सांसद रूडी ने जताया दु:ख, सामाजिक शांति व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की बात

- सारण डीआइजी और सिवान एसपी से रुडी ने की बात
- अपराध पर कठोर कार्रवाई और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की बात
- सांसद ने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सिवान में तीन लोगों की नृशंस हत्या की घटना अत्यंत निंदनीय एवं क्षोभजनक है। सारण सांसद श्री राजीव प्रताप रूडी ने इस जघन्य कृत्य की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि अपराध, चाहे कोई भी करे, उसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उस पर सख्त कार्रवाई होगी। विदित हो कि सिवान जिले के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मलमलिया पुल के पास शुक्रवार को कौड़िया गांव के मुन्ना सिंह, रोहित सिंह और कन्हैया सिंह की धारदार हथियार से और गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल है।

सांसद श्री रूडी ने इस संबंध में सारण डीआईजी निलेश कुमार एवं सिवान एसपी मनोज तिवारी से बात कर पूरी स्थिति की जानकारी ली तथा दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि क्षेत्र में कोई सामाजिक तनाव न उत्पन्न हो, इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जाए तथा शांति एवं सद्भाव बनाए रखा जाए।उन्होंने कहा कि अपराध, अपराध होता है चाहे कोई भी करे, किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ कार्रवाई कर रहा है तथा दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि पीड़ित परिवारों को न्याय मिले और समाज में कानून का भय कायम रहे।सांसद श्री रूडी ने इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहन संवेदना व्यक्त की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में वे एवं पूरी सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं।

## स्वतंत्रता सेनानी की स्मृति में लगा शिलापट्ट टूटा, पुनः स्थापना अब तक नहीं

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वतंत्रता सेनानियों के नाम अंकित शिलापट्ट एक माह पूर्व तेज आंधी पानी में एक पेड़ गिर जाने शिलापट्ट टूट कर बिखर गया था। लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा इस शिलापट्ट को न तो कहीं सम्मानपूर्वक हटाकर सुरक्षित किया गया और न ही उसकी जगह कोई नया शिलापट्ट स्थापित किया गया है। स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में लगा यह शिलापट्ट अब टुकड़ों में टूटा हुआ पड़ा है, और उसके आस-पास कूड़ा-कचरा भी फैला हुआ है। रोजाना सैकड़ों लोग वहां से गुजरते हैं, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण इस स्मारक की हालत पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्या हमारे स्वतंत्रता सेनानी इसी दिन को देखने के लिए देश को आजाद कराए थे कि उनके नाम आज इस तरह टूटे हुए शिलापट्ट पर पड़े रहें। समाजसेवी और कांग्रेस नेता तरुण तिवारी ने भी बताया कि पहले से लगे शिलापट्ट पर नाम ठीक से पढ़े भी नहीं जा सकते थे।उन्होंने मांग की कि अब जब पुराना शिलापट्ट टूट ही चुका है, तो उसकी जगह एक नया, रेडियम युक्त, साफ-सुथरा और टिकाऊ शिलापट्ट लगाया जाए, जिस पर सभी स्वतंत्रता सेनानियों के नाम स्पष्ट रूप से पढ़े जा सकें।स्थानीय लोगों की भी यह मांग है कि दरियापुर प्रखंड में कितने स्वतंत्रता सेनानी थे और उनका क्या योगदान रहा, इस बात की जानकारी सभी को होनी चाहिए। यदि यह जानकारी ठीक से अंकित की जाए तो नई पीढ़ी को अपने इतिहास और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से प्रेरणा मिल सकेगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी दीनबंधु दिवाकर ने बताया कि शीघ्र ही नई शिलापट्ट लगाई जाएगी।

## सोनपुर पुलिस ने स्कूल वैन से 840 पीस अंग्रेजी शराब को किया बरामद, एक युवक हुआ गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए स्कूल वैन से 151 लीटर विदेशी शराब बरामद करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने सोमवार को बताया कि स्कुल वैन के तखाना में छुपा कर रहे कुल 840 पीस फरूटी पैक 180 एमएल के कुल 151 लीटर छुपाकर ले जाया जा रहा था।जहाँ पुलिस ने एनएच 19 शिव वचन सिंह चौक के पास वाहन चेकिंग के दौरान अंग्रेजी शराब को जप्त किया है।मौके पर एक युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक विजय कुमार, वैशाली जिले के महनार थाना क्षेत्र के सिपाही टोला का रहने वाला है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि स्कूल वैन से शराब लाई जा रही है, जिस पर शिवबचन सिंह चौक पर नाकेबंदी कर वैन पकड़ी गई।

वही दूसरी ओर मारपीट के एक मामले में आरोपी सूरज कुमार को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## सोनपुर क्षेत्र के जन समस्याओं को निदान करने के लिए आईटी मंत्री को ग्रामीणों ने सौंपा मांग पत्र

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र में हो रही जन समस्याओं को ध्यान आकृष्ट करते हुए उन समस्याओं के निदान करने के लिए बिहार सरकार के आईटी मंत्री कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह को मांग पत्र सौंपते हुए भरपुरा पंचायत के वार्ड प्रतिनिधि राजीव कुशवाहा, संजीत कुमार, राकेश कुमार, शंकर भगत, चंद्रिका भगत सहित अन्य ग्रामीणों ने बिहार सरकार के आईटी मंत्री कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह को माँग पत्र द्वारा बताया गया कि सोनपुर अनुमंडल अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ नहीं रहने के कारण मरीजो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोनों डॉक्टर को अनुमंडलीय अस्पताल में पदस्थापित किया जाए इतना ही नहीं अनुमंडलीय अस्पताल में सिर्फ 7,8,9माह के गर्भवती महिलाओ को ही अल्ट्रासाउंड होती है ऐसे में अन्य मरीजों के अल्ट्रासाउंड नहीं होने से मरीज के परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. अल्ट्रा साउंड जरूरत मद मरीजों को भी अनुमंडलीय अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराने का आदेश निर्गत किया जाए। (2). जेपी सेतु के बजरंग चौक से लेकर त्रिभुवन चौक तक वर्षो से बंद पड़े ऊपरी सड़क पुल पर स्ट्रीट लाइट चालू करने की मांग की गयी। स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण आए दिन चोरी एवं छिनतई की घटना होती रहती है। (3), सोनपुर पुरानी गंडक पुल पर आए दिन सड़क मार्ग जाम होती है। इस समस्या का शीघ्र निदान करने की माँग किया जिससे राहगीरों, विधार्थियो को आवागमन में परेशानी ना हो।(4). भरपुरा पंचायत के वार्ड नंबर 11, 10 में नये ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई साथ ही चौसिया में बढ़ती आबादी को लेकर 200 केवी का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई। (5). भरपुरा पंचायत के चौसिया वार्ड नंबर एक में सिंचाई के लिए नलकूप लगभग 18 वर्षों से बंद कर तैयार है फिर भी अभी तक किसानों की सिंचाई के लिए डीजल इंजन का सहारा लेना पड़ता है। यह बंद पड़े नलकूप को चालू करने की मांग की गई। ग्रामीणों ने कुल पांच मांगों को रखते हुए इस गंभीर समस्या का निदान करने के लिए मंत्री से गुहार लगाई। आईटी मंत्री कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मंटू ने मांग पत्र को स्वीकार करते हुए उन्होंने इस समस्या का निदान करने की बात कही।

## पहलेजा घाट पर अतिक्रमण स्थलों पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** धार्मिक आस्था का केंद्र दक्षिण वाहिनी गंगा नदी पहलेजा घाट पर राज्य के कोने-कोने से आने वाले लाखों कांवरिया व स्नार्थी पहलेजा घाट आते हैं. कांवड़ियों के सुविधा और सुरक्षा के लेकर जिलाधिकारी सारण के दिशा निर्देश पर प्रशासन ने पुलिस बल के सहयोग से सोमवार को बुलडोजर चलवा कर अतिक्रमण किए गए स्थलों को अतिक्रमण मुक्त किया है। राजस्व अधिकारी राजकमल ने पहलेजा घाट अपर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार एवं अन्य पुलिस बल की सहयोग से पहलेजा घाट मुख्य द्वार से लेकर गंगा स्नान स्थल तक सड़क के दोनों किनारे अतिक्रमण किए गए जगह को प्रशासन ने बुलडोजर चलवा कर अतिक्रमण मुक्त कराया है। जिससे कांवड़ियों को आवागमन में कठिनाई न हो। अतिक्रमण किए गए स्थलों पर प्रशासन के बुलडोजर चलते ही अतिक्रमण कर्ताओं में हड़कंप मच गया। लोग अपने-अपने सामानों को एकत्रित करने में जुट गए। राजस्व अधिकारी राजकमल ने सभी अतिक्रमण कर्ताओं को हिदायत दिया है कि अतिक्रमण मुक्त स्थलों पर पुनः दुकान न खोले अगर अतिक्रमण मुक्त स्थल पर पुनः अतिक्रमण होता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राजस्व अधिकारी राजकमल ने बताया कि लाखों काँवरिया के सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए पहलेजा घाट स्थलों के आसपास साफ सफाई, नदियों में बैरिकेडिंग, लाइट की व्यवस्था, सुरक्षा को देखते हुए महिला और पुरुष पुलिस बल की तैनाती , अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य सुख सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। सावन मास 11 जुलाई से शुरू होने वाली है. ऐसे में राज्य के कोने-कोने से शिव भक्त काँवरिया पहलेजा घाट पहुंचकर स्नान करने के बाद गंगाजल लेकर पैदल चलकर बाबा हरिहरनाथ सहित 65 किलोमीटर दूर मुजफ्फरपुर बाबा गरीबनाथ में जलाभिषेक करेंगे। कांवरियों की सुविधा और सुरक्षा के लेकर सभी तरह के व्यवस्था किया जा रहा है।

## जूनियर स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप खेलने मढ़ौरा की 20 सदस्यीय टीम जमुई के लिए रवाना



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।**राज्य स्तरीय जूनियर स्टेट फुटबॉल चैम्पियनशिप 2025 के लिए जिला की 20 सदस्यीय टीम सोमवार को मढ़ौरा रेलवें स्टेशन से जमुई के लिए रवाना हुई। टीम छपरा से पटना होकर जमुई पहुंचेगी। जहां 8 जुलाई को सारण अपना पहला मैंच पटना से खेलेगी। इस वर्ष जिला टीम में? आधा दर्जन से खिलाड़ी मढ़ौरा से चूने गए है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए निकल रही 20 सदस्यीय टीम का मढ़ौरा स्टेशन पर अभिनंदन किया गया। खिलाड़ियो से स्थानीय फुटबॉलर मिले और टीम में चयनित बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उन्हे जीत की शुभकामनाएं दी। टीम मैनेजर प्रभाकर सिंह ने कहा कि खेल एक विधा है और इसमें भी आगे बढ़ा और नाम कमाया जा सकता है। कहा कि स्टेट खेलने जा रहे सभी बच्चें मेहनती और प्रतिभावान है। इनकी लगन बनी रही तो ये बहुत आगे तक जाने की काबिलियत रखते है। स्टेट अंडर-17 खेलने जाने वाली फुटबॉल टीम में सुमित कुमार, साहिल कुमार, चंदन कुमार, सुनील कुमार, अल्ताफ आलम, आयुष कुमार, मो. कैश, मुन्ना कुमार अमित कुमार गोलू कुमार, मो. अख्तर, तमीम अंसारी, रेहान कुमार, पवन कुमार, सुशील कुमार, गोविंद कुमार, रोहित कुमार का नाम शामिल बताया गया है। इस टीम में आठ खिलाड़ी सुमित, चंदन, साहिल, आयुष, सुनील, मो. कैश, अमित और मुन्ना मरोड़ा फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी बताए गए है। टीम का कोच रितेश कुमार होगे। वही प्रभाकर सिंह को टीम मैनेजर और सुजीत कुमार को टीम का सलाहकार बनाया गया है। टीम से उम्मीद जताई जा रही है। यह माना जा रहा है कि टीम लीग क्वालिफाई के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन करेगी ।

## डायट सोनपुर में सैकड़ो शिक्षकों को किया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ÷द बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर्स (TBT)÷ मेरा मोबाइल मेरी शिक्षा फेसबुक मंच के द्वारा एक विशेष पहल की जा रही है। यह मंच उन शिक्षकों को सम्मानित करता है जो पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों से हटकर नवीन तरीकों से बच्चों को शिक्षा प्रदान करते हैं। इसी क्रम में इस वर्ष सारण प्रमंडल स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन सोनपुर प्रखंड के गोविन्दचक रेलवे ढाला स्थित डायट के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस समारोह में सारण प्रमंडल के सभी 3 जिलों से लगभग 150 शिक्षकों को ऑनलाइन उत्कृष्ट नवाचार शिक्षण के लिए सभी उपस्थित शिक्षकगणो को सुचना प्रावैधिकी मंत्री कृष्ण कुमार सिंह उर्फ़ मंटू व भाजपा प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह, डायट प्रचार्य अभय कुमार सिंह ने अंग बस्त्र, मेमेंटो व प्रशस्ति पत्र व पौधा देकर सम्मानित किया। ये शिक्षक गण अपने विद्यालयों और कक्षाओं में बच्चों के समग्र विकास हेतु भी अभिनव प्रयास कर उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक करते है। ये शिक्षक न केवल खेल-खेल में शिक्षा, डिजिटल साधनों का उपयोग, बल्कि विद्यार्थियों में जिज्ञासा और रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाले तरीकों को अपनाकर शिक्षा को रुचिकर और प्रभावी बना रहे हैं। ये सभी शिक्षक न केवल अपनी कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनका उद्देश्य छात्रों में सीखने की क्षमता के विकास के साथ-साथ एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करना भी रहा है। यह सम्मान समारोह उन तमाम शिक्षकों के लिए उत्साहवर्द्धन व प्रेरणास्त्रोत का एक सुगम मार्ग भी है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूचना प्रावैधिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू , विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रवक्ता उपेंद्र सिंह,प्रो.डॉ.के.सी.सिन्हा पूर्व कुलपति, डॉ.ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी (पूर्व डीन, आर्यभट्ट विश्वविद्यालय), डायट सोनपुर,सीवान व सीटीइ सारण के प्राचार्य सहित दर्ज़नों व्याख्यातागण, डायट मधुबनी से डॉ. पुरुषोत्तम रंजन, सहित दर्जनों माननीय की गरिमामयी उपस्थिति में संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच संचालन टीबीटी के संस्थापक डॉ.कुमार गौरव ने किया। वहीं संपूर्ण कार्यक्रम की मॉनीटरिंग टीबीटी के उपाध्यक्ष मो.जियाउल होदा एवं कोषाध्यक्ष सह स्टेट कल्चरल हेड अरविन्द कुमार, धर्मेंद्र कुमार एवं प्रवक्ता शिव कुमार के द्वारा किया गया। बताते चलें कि संपूर्ण कार्यक्रम में शिक्षिका शोभा कुमारी, प्रियंका कुमारी, राजन कुमार, रश्मिबाला वर्णवाल, पूनम सिंह, नवल किशोर ठाकुर, रवि रंजन,अनीता पाठक, कनकलता श्रीवास्तव, प्रियंका कुमारी, रोमा सिंह सहित दर्जनों शिक्षकों ने अभियान गीत टीबीटी का मंच सदा हो जय जयकार तुम्हारी सारण की यह धरती है जो ज्ञान की अलग जागती है गीत गयी इतना ही नहीं शिक्षकों ने भोजपुरी गीत, धार्मिक और समाजिक,कव्वाली गीत गाकर सोनपुर और सारण को मान बढ़ाया। इस मौके पर मंत्री ने शिक्षकों भविष्यवाणी वाले योद्धा के रूप में परिभाषित करते हुए कहा कि शिक्षा वह कुंजी है जिसके बिना आप किसी भी मुकाम पर पहुंचना असंभव है। शिक्षा पाकर ही आप अपने मुकाम पर पहुंच सकते हैं। शिक्षकों से आग्रह किया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे क्योंकि यही बच्चे भारत के भविष्य हैं। वहीं भाजपा प्रवक्ता उपेंद्र सिंह ने कहा कि यह समझ नाग केवल सम्मानित शिक्षकों के लिए बल्कि प्रदेश के अन्य शिक्षकों के लिए भी एक संदेश लेकर आया है कि शिक्षा में बदलाव के लिए खुद पहल करनी होगी । इस मौके पर उपस्थित रहे शिक्षक तारकेश्वर कुमार,रोमा सिंह,बालेश्वर जी,राजन कुमार, शिवप्रसाद गुप्त, अरविंद कुमार, डॉ इंद्रजीत कुमार सिंह डॉक्टर प्रेम कुमार,डॉ कुमार गौरव,समाजसेवी सत्येंद्र सिंह,प्रियदर्शी कुमार,राजीव कुशवाहा,संजीत कुमार,राकेश कुमार,शशि चंद्रवंशी,अभय प्रकाश सिंह, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## पंचायती के दौरान बिगड़ी बात, चाकूबाजी में दो घायल

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के असोइयां मे पति-पत्नी के विवाद को लेकर दोनों पक्षों में एक पंचायती चल रही थी।? पंचायती में? लड़की पक्ष से इसुआपुर निपनिया निवासी वकील मियां उनके लड़के और लड़का पक्ष से मो. मैनूद्दीन और उसका भाई आलमगीर आलम पहुंचे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर हुई अनबन में ससुराल पक्ष के लोगों ने युवक और उसके भाई पर चाकू से हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। घटना में आलमगीर अंसारी के शरीर पर कई जगहों पर चाकू लगने से उसे रेफरल अस्पताल मढ़ौरा लाया गया। जहां उसका इलाज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी पैगा निवासी मो. मैनुद्दीन की तेरह वर्ष पूर्व इसुआपुर के निपनिया में शादी हुई थी। शादी के बाद दो बच्चें भी हुए लेकिन किन्ही कारण से मैनूद्दीन की पत्नी काफी टाइम से अपने मायके में रह रही थी। मो. मैनुद्दीन दिल्ली के नोयडा में कमाता है। वह अपनी पत्नी बच्चों को अपने साथ नोयडा ले जाना चाहता था, लेकिन ससुराल वाले उसकी पत्नी बच्चों को भेजने को तैयार नही थे। इसी को लेकर दोनों पक्षों में सुलह के लिए पंचायती बुलाई गई थी। पंचायती के दौरान ही बात बिगड़ने पर लड़की पक्ष के लोगों ने चाकू से दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। हमले में मो. मैनुद्दीन ने भाग कर खुद को किसी तरह बचा लिया लेकिन आलमगीर अंसारी पकड़ा गया।




# ममता का नया ठिकाना- सारण में तीन बच्चों को मिला दत्तक परिवार

विशाल सिंह।

**दैनिक खोज ख़बर/छपरा (सारण)।** जीवन की आपाधापी और सामाजिक भागदौड़ के बीच, एक पल ऐसा भी आया जिसने रिश्तों की परिभाषा को फिर से लिख दिया। सोमवार को सारण समाहरणालय परिसर में कुछ ऐसा दृश्य देखने को मिला, जहां आंखें नम थीं लेकिन दिल खुशियों से भरे हुए। तीन मासूम चेहरे जिनकी अब तक की जिंदगी अनिश्चितताओं से भरी थी। आज उन्हें वो गोद, वो स्पर्श और वो अपनापन मिला, जिसका हर बच्चा हक़दार होता है। जब इन नन्हें फूलों को उनके दत्तक माता-पिता की बाहों में सौंपा गया, तो मानो कायनात ने भी कुछ पल के लिए मुस्कुरा दिया। यह सिर्फ एक कानूनी प्रक्रिया नहीं थी यह ममता की नई शुरुआत थी, परिवार की एक नई परिभाषा थी और तीन अनमोल ज़िंदगियों को मिली वह छांव, जो अब हमेशा उनके साथ रहेगी। गोद लेने वाले माता-पिता की आंखों में जो चमक थी, वो सिर्फ खुशी की नहीं थी वो सपनों के पूरे होने की, दुआओं के मंज़ूर होने की



चमक थी। विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, सारण में पल रहे इन बच्चों को अब एक स्थायी परिवार, एक पहचान, एक नाम और सबसे जरूरी एक अंतहीन प्यार मिल चुका है। यह कोई आम दिन नहीं था, यह वह दिन था जब किसी की सूनी सुबह में सूरज उगा, जब किसी की प्रार्थना को उत्तर मिला और जब तीन अनमोल दिलों को उनका घर मिल गया क्योंकि ममता खून के रिश्तों से नहीं, दिल के धड़कनों से जुड़ती है

जीवन की आपाधापी के बीच आकांक्षा वाले दंपत्ति जोड़े के लिए सोमवार का दिन खुशियों देने वाला रहा। सारण जिला प्रशासन के द्वारा तीन शिशुओं को दत्तकग्रहण की कार्रवाई पूर्ण की गई। जिलाधिकारी श्री अमन समीर द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में तीन शिशुओं को उनके दत्तकग्राही माता-पिता को अंतिम रूप से सौंपा गया। दत्तकग्रहण की प्रक्रिया पूरी होते ही शिशुओं को नए माता-पिता को सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान दंपत्ति जोड़ों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने भाव विभोर होकर जिला प्रशासन को धन्यवाद प्रेषित किया।

तीन शिशुओं को भारत के विभिन्न राज्यों से आए दंपत्ति ने गोद लिया। दपंत्तियों द्वारा बच्चा को गोद लेने के लिए कारा के वेब पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन किया था। जिसका क्रम आने एवं सारी प्रक्रिया से गुजरने के बाद उनके फाइनल एडॉप्शन की प्रक्रिया जिलाधिकारी सारण श्री अमन समीर द्वारा पूर्ण की गई।

ज्ञात हो कि समाज कल्याण विभाग अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, सारण के माध्यम से बच्चें को दत्तक ग्रहण की कार्रवाई की जाती है। संस्थान में चिल्ड्रेन इन नीड ऑफ केयर एंड प्रोटेक्शन वाले बच्चों की पूरी सुरक्षा और सुविधाओं के बीच रखकर उनका भरपूर पालन पोषण किया जाता है। इस अवसर पर सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल संरक्षण पदाधिकारी, समन्वयक आदि उपस्थित थे।

### जानिए बच्चे गोद लेने के लिए क्या है नियम

कोई भी ऐसा दंपत्ति जिसकी शारीरिक एवं मानसिक स्थिति सुदृढ़ हो, बच्चा गोद लेने के लिए पात्र हो सकता है। यदि उन्होंने कम से कम दो वर्ष का स्थिर वैवाहिक जीवन व्यतीत किया हो तथा दत्तक ग्रहण के लिए दोनों की आपसी सहमति जरूरी है। अलग-अलग उम्र वाले दंपत्ति के लिए अलग-अलग उम्र के बच्चे की पात्रता होती है। बच्चा गोद लेने के लिए केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के वेबसाईट carings.wcd.gov.in पर रजिस्ट्रेशन कराना होता है। जाँच के बाद बच्चा गोद लेने के पात्र माता-पिता को बच्चा गोद दिया जाता है। एकल पुरूष अभिभावक को केवल लड़का गोद दिया जा सकता है, जबकि एकल महिला लड़का एवं लड़की दोनों को गादे ले सकती है। दो संतान वाले दंपत्ति सामान्य बालक के दत्तक ग्रहण के लिए पात्र नहीं है। वह सिर्फ विशेष आवश्यकता वाले बालकों को ही दत्तक ग्रहण कर सकते हैं। देश में किसी अन्य माध्यम से बच्चा गोद लेना और देना कानूनी अपराध है।

## 9 जुलाई के बिहार बंद को सफल बनाने के लिए महागठबंधन कार्यकर्ताओं की बैठक


**इसुआपुर(सारण)।** राजद आला कमान के आह्वान पर नए वोटर लिस्ट के बिरोध में बिहार बंद को सफल बनाने के लिए राजद तथा गठबंधन के कार्यकर्ताओं इसुआपुर में एक बैठक की. जिसमें 9 जुलाई को होने वाले बिहार बंद को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया तथा नीतियां बनाई गई.बैठक में पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय,पूर्ब जिलापार्षद चन्देश्वर राय, गीतासागर राम,मुखिया अजय राय, अमजद खान, देवानंद प्रसाद,टुनटुन हाशमी, राम अयोध्या राय, अर्जुन पंडित, चंदन आर्यन, मोहम्मद हाफिज के साथ साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## युवक ने पेट्रोल छिड़ककर लगाई आग, गई जान

**इसुआपुर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महुली गांव के उधो तिवारी का 45 वर्षीय पुत्र अमरनाथ तिवारी ने शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। जिससे वह बुरी तरह झूलस गया। आनन फानन में परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना का कारण स्पष्ट नहीं चल पा रहा है। मृतक एक के दो पुत्र तथा एक पुत्री अब अनाथ हो गए हैं। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है।

## जलालपुर की अदिति बनी इंडिगो केबिन क्रु

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।**प्रखंड के जलालपुर गांव की अदिति कुमारी इंडिगो एयरलाइंस में केबिन क्रु बनी है। स्व अवधेश तिवारी की प्रपौत्री व दिलीप तिवारी व माता वंदना तिवारी की लाडली बचपन से ही एयर होस्टेस बनना चाहती थी। उसकी प्रारंभिक शिक्षा गांव में हुई है वही 10वीं और 12वीं की शिक्षा जी बी मेमोरियल इंस्टीच्यूशन कोलकाता से हुई है। उसकी ज्वाइनिंग चेन्नई मे



हुई है।उसकी सफलता पर गांव और घर मे जश्न का माहौल है। अदिति की सफलता पर क ई गणमान्यो उमेश तिवारी,उमेश कुमार पांडेय,मणीन्द्र पांडेय,बीडीसी राजन तिवारी, धीरज तिवारी राजेश कुमार,अखिलेश्वर पांडेय,अविनाश तिवारी,उमेश सिंह,बलराम यादव, वरुण पांडेय, गोलू सिंह, राजेश सिंह,विजय साह, सोनू तिवारी दिलीप यादव सहित क ई अन्य ने बधाई दी है।

## पुनरीक्षण अभियान : शुरू किया गया जागरूकता सह सुविधा केन्द्र

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अमन समीर ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के लिए जागरूकता सह सुविधा केन्द्र का सोमवार को उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि उचित और सही जानकारी से लोगों की दुविधा को दूर किया जा सकता है। इससे उनके प्रश्नों का उत्तर मिलेगा और उनके जिज्ञासा को शांत किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में कुल चार जागरूकता केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसमें समाहरणालय परिसर, म्युनिसिपल चौक, जिला स्कुल और सदर अस्पताल कैम्पस शामिल हैं। उन्होंने समाहरणालय परिसर के केंद्र का फीता काट कर उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि केंद्र पर मास्टर ट्रेनर और कर्मी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जो गहन पुनरीक्षण अभियान की जानकारी लोगों को देंगे। पोस्टर्स और बैनर के माध्यम से सुविधा केन्द्र को जानकारी पूर्ण और आकर्षक बनाया गया है। प्रतिनियुक्त एमटी और कर्मी लोगों को 2003 के मतदाता सूची में ऑनलाइन नाम खोजने, गणना फॉर्म डाउनलोड करने और अपना फॉर्म अपलोड करने में लोगों की मदद करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि समाहरणालय में ऐसे स्थान का चयन किया गया है जहां कोर्ट, रजिस्ट्री या समाहरणालय में कार्य से आने वाले आगंतुकों की पहुंच हो सके। अन्य केंद्र के लिए भी ऐसे ही स्थान का चयन किया गया है। मौके पर उप विकास आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल आदि उपस्थित थे।

## प्रखण्ड स्तरीय मशाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुआ कबड्डी मुकाबला

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के नेपाल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गवन्द्री के खेल मैदान में आयोजित प्रखंड स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को कबड्डी मुकाबलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंडर-14 तथा अंडर-16 वर्ग के बालक व बालिका टीमों के बीच जोरदार मुकाबले हुए। प्रतियोगिता में प्रखंड के 13 संकुलों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन के दौरान प्रखंड संसाधन केंद्र के लेखापाल अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष महेश्वर सिंह, सचिव मुन्ना प्रसाद, परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार पांडे समेत कई शिक्षकों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय कुमार सिंह, मंजूर आलम, मनान अंसारी, अरुण कुमार चौबे, बबन सहनी, सत्य प्रकाश, चंद्र प्रकाश, सुरेंद्र



कुमार साह, वीर प्रकाश मिश्रा, राहुल रविंद्र कुमार, मणिकांत आर्य, सत्येंद्र प्रसाद, सुजीत कुमार सिंह, अनिल कुमार यादव, अनीता मौर्या एवं महिमा कुमारी जैसे शिक्षकों ने सक्रिय भूमिका निभाई।मैच रेफरी के रूप में गजेंद्र प्रसाद सिंह व अभिषेक कुमार ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। आयोजित प्रतियोगिताओं में अंडर-14 बालक, अंडर-14 बालिका, अंडर-16 बालक और अंडर-16 बालिका वर्ग के मुकाबले सम्पन्न हुए।

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** सोमवार को अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तीचक द्वारा प्रखंड के मोरियां में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा कैंप आयोजित की गई। जिसमें 350 व्यक्तियों के आंखों की जांच की गई। जांचोपरांत आवश्यक सलाह दिया गया।शिक्षक सुभाष प्रसाद व शेषनाथ प्रसाद के सौजन्य से आयोजित चिकित्सा शिविर में रोगियों की जांच डा. रवि कुमार ने किया। इस दौरान चिकित्सक डा. रवि कुमार ने आंखों की सुरक्षा और सेहत के बारे में भी आम लोगों को जानकारी दी।तथा मोतियाबिंद के रोगियो को आपरेशन कराने तथा मुफ्त चश्मा अस्पताल के सौजन्य से प्राप्त करने की सलाह दी गई।मौके पर प्रमोद कुमार, निलेश कुमार अवधेश सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## सांसद व जदू (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा का स्नेहपूर्ण स्वागत-अभिनंदन

**दैनिक खोज खबर/पटना।** पटना आवास पर राजयसभा सांसद व जदू (यू) के रास्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा का स्नेहपूर्ण स्वागत-अभिनंदन किया गया। सोमवार को भाजपा नेता व प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने अंगवस्त्र, बुके और बाबा हरिहरनाथ का प्रसाद खिलाकर स्वागत किया और बधाई दिया। श्री झा यहां लोगों का आने जाने का क्रम लगा रहा। लोगों की समस्या को सुन समाधान किया। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश सिंह ने कहा की इनके कार्यकाल मे पार्टी मजबूती से आगे बढ़ रही है और अब देश से लेकर विदेश तक कार्य की चर्चा हो रही है। उनको सावन मे बाबा हरिहरनाथ मंदिर आने का निमंत्रण दिया और उन्होंने निमंत्रण सहज़ स्वीकार किया और इसके लिए संजय झा जी ने भी लोगो के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया।



## बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाना मेरी प्राथमिकता : डॉ. आकांक्षा

### पीटीईसी बंगरा की नई प्राचार्या डॉ आकांक्षा कुमारी ने ग्रहण किया पदभार

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय (पीटीईसी), बंगरा में सोमवार को डॉ. आकांक्षा कुमारी ने नये प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान प्राचार्य डॉ. पप्पू कुमार ने उन्हें विधिवत प्रभार सौंपा।पदभार ग्रहण करने के उपरांत डॉ. आकांक्षा कुमारी ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता संस्थान के कुशल संचालन के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना होगा। उन्होंने छात्र-शिक्षकों के लिए गुणवत्ता आधारित प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं ने डॉ. आकांक्षा कुमारी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।बताते चलें कि डॉ. आकांक्षा कुमारी, जगदम कॉलेज छपरा में कार्यरत अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. अजीत कुमार शर्मा की पत्नी हैं। इस मौके पर संस्थान के सभी व्याख्याता, कर्मचारी एवं छात्र मौजूद रहे। महाविद्यालय परिवार ने नई प्राचार्या के नेतृत्व में संस्थान की शैक्षणिक प्रगति की आशा व्यक्त की।



## प्रखंड स्तरीय मशाल खेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज कैतुका लच्छी में प्रखंड स्तरीय मशाल खेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन मकेर बीइओ अजय कुमार शर्मा ने किया । मशाल खेल कार्यक्रम के तहत थ्रो बॉल , लंबी कूद ,क्रिकेट बॉल थ्रो , दौड़ सहित अन्य खेल का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड के सभी सीआरसी के बिद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया । सभी चयनित अभ्यर्थियों को चयन किया गया । इस चयन प्रक्रिया में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार शर्मा ने बारीकी से नजर रखते हुए चयन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से किया । सफल छात्र छात्राओं में अर्पित कुमार सिंह , युवराज सिंह



,नेहा कुमारी ,राखी कुमारी ,बबिता कुमारी नेहा कुमारी के साथ अन्य छात्राओं ने वेहतर प्रदर्शन कर अपने को आगे रखा ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य गजेंद्र कुमार शर्मा , शिक्षक नेता निजाम अहमद अलका कुमारी ,रेणु कुमारी , शकील अहमद ,मनोज कुमार शर्मा ,प्रीतम कुमार वर्मा , बीरू हसन सहित सैकड़ो शिक्षकों के साथ ग्रामीण मौजूद होकर खेल का लुफ्त उठाया । उक्त खेल कार्यक्रम के तहत सरकार खेल को बढ़ावा देने एवम उन्हें प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया है।

## समाहरणालय परिसर में वोटर फैसिलिटेशन सेंटर का जिलाधिकारी ने किया शुभारंम्भ

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में मतदाताओं को सही जानकारी देने एवं उनकी सहायता करने के उद्देश्य से आज सारण समाहरणालय परिसर में वोटर फैसिलिटेशन सेंटर का शुभारंभ जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अमन समीर ने किया। इस सेंटर के माध्यम से अपने निजी कार्य से छपरा आने वाले मतदाता सहायता प्राप्त कर सकते हैं। विशेष रूप से जमीन की रजिस्ट्री कराने निबंधन कार्यालय आने वाले, कोर्ट के काम से व्यवहार न्यायालय आने वाले, लोकशिकायत की सुनवाई में आने वाले एवं अन्य कार्यों /कारणों से छपरा आने वाले मतदाता इस वोटर फैसिलिटेशन सेंटर के माध्यम से सही जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । इस केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन गणना प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने, 2003 की मतदाता सूची में नाम खोजने आदि की पूरी प्रक्रिया के बारे में लोग जानकारी ले सकते हैं। यहाँ उपलब्ध क्यूआरकोड को स्कैन कर मतदाता अपना गणना फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं तथा उसे भरकर पुनः अपलोड कर सकते हैं। यह सेंटर प्रतिदिन कार्यालय अवधि में खुला रहेगा।



## हत्याकांड में गिरफ्तारी नहीं होने पर थाना का होगा घेराव

**सिवान।** सिसवन प्रखंड के रामपुर निवासी जनार्दन यादव की दो माह पूर्व हत्या में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी व कानूनी कार्रवाई हेतु भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष चंद्र विजय प्रकाश यादव उर्फ हैप्पी यादव ने पीड़ित परिवार के स्वजनों संग सोमवार को एसपी मनोज कुमार तिवारी से सोमवार को पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी से मुलाकात की। हैप्पी यादव ने कहा कि जनार्दन यादव की हत्याकांड में शामिल बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो। जनार्दन यादव के स्वजनों को न्याय मिले। कहा कि जनार्दन यादव के हत्या में शामिल बदमाशों का पंद्रह दिन के अंदर गिरफ्तारी नहीं होती है तो थाना का घेराव किया जाएगा।

## छात्रा खुशी की हत्या के विरोध में निकला कैंडल मार्च

**मैरवा(सिवान)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़गांव की पांचवीं कक्षा की छात्रा खुशी का अपहरण कर हत्या कर उत्तर प्रदेश में शव फेंके जाने की घटना खिलाफ लोगों का आक्रोश सोमवार को सड़कों पर दिखाई दिया। न्याय की मांग को लेकर सैकड़ों की संख्या में छात्रों, युवाओं और सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के सदस्यों ने शाम को कैंडल मार्च निकाला। इस मार्च की शुरुआत शहर के पुराना सब्जी मंडी से हुई, जो मुख्य मार्गों से होते हुए स्टेशन चौक मझौली चौक थाना रोड होकर विभिन्न मार्गो से गुजरा। हाथों में ÷खुशी को न्याय दो÷, ÷हम इंसाफ लेकर रहेंगे÷, ÷बेटियों की रक्षा करो÷ ,अपराधियो को गिरफ्तार कर फांसी दो जैसे नारों की तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की। लोगों ने कहा कि खुशी की हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। कैंडल मार्च में राजन नेट हरेंद्र पटेल श्रीकांत यादव भाजपा नेता कृष्णा कुशवाहा के प्रखंड सचिव मुकेश कुशवाहा योगेंद्र कुशवाहा इंद्र विश्वकर्मा प्रभु बरनवाल समेत विभिन्न दलों के नेता कार्यकर्ता शिक्षक व छात्र और ग्रामीण शामिल थे। उधर मैरवा थानाध्यक्ष ने कहा है कि इस मामले की जांच तेज़ी से की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

## भगवानपुर हाट:विधान पार्षद व पूर्व विधायक ने पीड़ित परिवार से मिलकर दी सांत्वना

**परवेज अख्तर/सीवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मलमलिया चौक पर चार जुलाई को हुए तिहरे हत्याकांड ने जिले ही नहीं बल्कि राज्य को झकझोर कर रख दिया है। सोमवार को बिहार विधान परिषद के सदस्य संजय सिंह, पूर्व विधायक व पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के पुत्र रणधीर सिंह कौड़िया वैश्य टोली पहुंच हत्याकांड में तीनों मृतकों के स्वजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी तथा न्याय दिलाने का भरोसा किया। इस हत्याकांड में मुन्ना सिंह, रोहित सिंह और कन्हैया सिंह की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी, जबकि रौशन कुमार और करण कुमार गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में इलाजरत हैं। संजय सिंह ने पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर कड़ी कार्रवाई की मांग की और कहा कि पीड़ित परिवारों के साथ वे पूरी मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने जनता से इस कठिन समय में संयम, शांति और एकजुटता बनाए रखने की अपील की। वहीं पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि हत्या किसी समस्या का समाधान नहीं है। इस मौके पर पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा, उमेश सिंह, अभय सिंह, अभिषेक सिंह, विशाल सिंह, रजनीश सिंह, राणा दीपू समेत कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## भूमि विवाद में हुई मारपीट में मामले में छह के विरुद्ध प्राथमिकी

**हुसैनगंज(सीवान)।** थाना क्षेत्र के फाजिलपुर निवासी अच्छेलाल यादव ने थाना में आवेदन देकर छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि मेरे पट्टीदार से भूमि विवाद चल रहा था। पांच जुलाई की सुबह मेरे पट्टीदार लालबहादुर चौधरी अपने स्वजनों के साथ लाठी- डंडे लेकर मेरे दरवाजे पर आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने आए मेरे पुत्र एवं भतीजों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही मेरे व भतीजे के गले से सोने की चेन छीनकर भाग गए। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि सभी आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## शराब पीने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

सीवान। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के महुवल गांव से रविवार को शराब पीने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में महुवल निवासी अफरोज नट, शौकत अली तथा एमएच नगर क्षेत्र के जलालपुर निवासी गुड्डू नट शामिल है। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तीनों लोगों को सोमवार को जेल भेज दिया गया।

## तनिष्क ज्वेलरी के फेस्टिवल आफ डायमंड्स का उठाएं लाभ

**सिवान।** भारत का पसंदीदा ब्रांड तनिष्क ज्वेलरी ने ग्राहकों के लिए शानदार आफर फेस्टिवल आफ डायमंड्स-2025 पेश किया है। आधुनिक महिला और उनकी कई उज्ज्वल सफलताओं के सम्मान में तनिष्क ने यह आफर पेश किया है। फेस्टिवल आफ डायमंड्स में तनिष्क ने डायमंड आभूषणों का अब तक का सबसे शानदार और लेटेस्ट कलेक्शन प्रस्तुत किया है। शहर के राजेंद्र पथ वीमार्ट के समीप तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में डायमंड्स इयरिंग्स, ब्रेसलेट, नेकवियर फिंगर रिंग्स और कई प्रकार के हीरे के आभूषण की खरीदारी पर ग्राहक छूट का लाभ उठा सकते हैं। शोरूम के प्रबंधक अबरार अली ने बताया कि तनिष्क की ओर से डायमंड ज्वेलरी के मूल्य पर ही 20 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट दी जा रही है। इस आफर का लाभ ग्राहक 25 अगस्त तक उठा सकते हैं। प्रबंधक ने कहा कि तनिष्क में जो गोल्डन हार्वेस्ट प्लान चलता है वह लोगों को काफी पसंद आ रहा है। यह एक ऐसा प्लान है जिसमें थोड़े-थोड़े अमाउंट जमा करके आप अपनी मनपसंद गोल्ड या फिर डायमंड की ज्वेलरी खरीद सकते हैं। गोल्डन हार्वेस्ट पर बेहतर बोनस भी मिलता है। उन्होंने बताया कि गोल्ड की बढ़ती कीमत को देखते हुए तनिष्क का रिवाह गोल्डन एडवांटेज स्कीम है। यह प्लान के माध्यम से ग्राहक सेविंग कर सकते हैं।

## नवादा में बस से ट्रक टकराई, एक व्यक्ति की मौत : एक घायल

**अकबरपुर, नवादा,एजेंसी।** नवादा के नेमदारगंज थाना क्षेत्र के बरेव अड्डा के पास सोमवार सुबह 7 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गोविंदपुर से पटना जा रही बस और एक ट्रक की टक्कर हो गई। ट्रक चालक ने बरेव अड्डा के पास रॉन्ग साइड में जाने का प्रयास किया। इससे बचने की कोशिश में बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य व्यक्ति बस के गेट नीचे फंस रहा । स्थानीय लोगों, पूर्व मुखिया संतोष कुमार सिंह, पूर्व सरपंच मक्कू पांडे और पुलिस प्रशासन की मदद से घायल को बाहर निकाला गया। उसे इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह चौमुहाना रोड है जहां बक्सोती से आने वाली गाड़ियां सीधे रोड क्रॉस करती हैं।

# भगवानपुर हाट : शराब के आरोप में गिरफ्तार कराने के प्रतिशोध में हुई कौड़िया के तीन लोगों की हत्या

**परवेज अख्तर/सीवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मलमलिया चौक पर चार जून को हुए तिहरे हत्याकांड के मामले में रविवार को थाने में प्राथमिकी की गई। मामले में मृत कौड़िया वैश्य टोली के मुन्ना सिंह के भाई प्रमोद सिंह के आवेदन पर रविवार को हत्या का मामला दर्ज किया गया है। इसमें कौड़िया टोले फतेह राय के शत्रुघ्न सिंह उर्फ काका, केदार सिंह, रामकिशोर सिंह, सूरज कुमार, किशन कुमार, कंचन कुमार उर्फ किशु, दीपक कुमार, अमित कुमार सिंह, रूपेश कुमार सिंह, मलमलिया के पवन कुमार, सुघरी के कल्याण कुमार, सरसैया के प्रतीक कुमार उर्फ छोटू, सारण जिले के जलालपुर थाने के बेलकुंडा के अभिमन्यु सिंह, ड्राइवर विजेंद्र यादव, सोनू सिंह, अकबर अली अंसारी, उसका बेटा मेराज हुसैन, मलमलिया के राजू प्रसाद, अजय प्रसाद सहित बीस लोगों को आरोपित किया है। पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अभिमन्यु सिंह, रूपेश कुमार सिंह, दीपक कुमार, अकबर अली अंसारी, मेराज हुसैन, अजय प्रसाद व राजू प्रसाद को पुलिस ने पूछताछ कर सोमवार को जेल भेज दिया। एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने इस हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है । प्राथमिकी के अनुसार हत्या का कारण शराब तस्करी के आरोप में एक की गिरफ्तारी होना बताया गया है। इसके प्रतिशोध में शत्रुघ्न सिंह और उसके लोगों ने तीन लोगों की निर्मम हत्या की । जानकारी के अनुसार घटना के कुछ दिन पूर्व मुन्ना सिंह एवं रोहित कुमार द्वारा वर्तमान एसडीपीओ महाराजगंज को यह सूचना दी गई थी कि अमितेश कुमार सिंह अवैध शराब बेचने का काम करता है इसमें उसकी गिरफ्तारी भी हुई थी। वहीं दर्ज प्राथमिकी के अनुसार मलमलिया स्थित सिंह ब्रदर्स पेट्रोल पंप का डीलर देवनारायण सिंह भी आरोपित है। अपने आवेदन में पीड़ित ने बताया कि मुझे मोबाइल पर चार जुलाई की संध्या करीब चार बजे सूचना मिली कि मलमलिया में स्थित सिंह ब्रदर्स पेट्रोल पंप जिसके मालिक सह दारौंदा थाना क्षेत्र उजांय निवासी देवनारायण सिंह पेट्रोल पंप पर आपराधिक षड्यंत्र के तहत कुछ बदमाश हथियार से लैस होकर कौड़ियां वैश्य टोली के लोगों की हत्या करने के लिए एकत्रित होकर योजन बना रहे हैं। सूचना मिलते ही मैं बाइक से मलमलिया पहुंचा मैंने अपने छोटा भाई मुन्ना सिंह, कन्हैया सिंह, रोहित कुमार, विक्की कुमार, रौशन कुमार को घर जाने के लिए कहा तबतक शत्रुघ्न सिंह अपने एक हाथ में पिस्टल और दूसरे हाथ फरसा, केदार सिंह, राम किशोर सिंह, सूरज कुमार, किशन कुमार, सभी आरोपित हाथ में पिस्टल व हथियार लेकर सभी की पिटाई करने लगे। इससे मुन्ना सिंह की घटना स्थल पर मौत हो गई। यह देखकर कन्हैया सिंह, रोहित कुमार, विक्की कुमार व रौशन कुमार अपने गांव की और ओबर ब्रिज के रास्ते भागने लगे। उन लोगों को भागता देखकर सभी बदमाशों ने अपने हाथ में लिए हथियार के साथ उनलोगों का पीछा करते हुए ओबर ब्रिज पर रोक कर उनलोगों के साथ मारपीट की और उनकी हत्या कर दी। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई और दो घायल हैं।

## स्कार्पियो व ई-रिक्शा की आमने-सामने की टक्कर में छात्रा समेत दो घायल

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिवान-गोपालगंज मुख्य मार्ग पर स्थित अमलोरी सरसर के समीप स्कार्पियो और ई रिक्शा की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे ई-रिक्शा चालक व उसमें सवार छात्रा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि स्कार्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। स्थानीय लोगों व राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में ई-रिक्शा चालक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विदुरती हाता पुलिस लाइन निवासी संजय राम व ई-रिक्शा में सवार गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के आज्ञा निवासी पूनम कुमारी शामिल हैं। बताया जाता है कि पूनम कुमारी सरसर स्थित बैकुंठ शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय (बीएड कालेज) में परीक्षा देने गई थी। परीक्षा समाप्ति के बाद घर जाने के लिए वह ई-रिक्शा में सवार हुई। इसी दौरान सिवान की तरफ से आ रही तेज रफ्तार की स्कार्पियों ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दिया। इससे ई-रिक्शा का चालक व पूनम कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं टक्कर के बाद स्कार्पियो अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क के किनारे पलट गई। स्थानीय लोगों ने दोनों घयलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों का इलाज किया गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्कार्पियो और ई-रिक्शा को जप्त कर लिया और थाना लेकर चली गई। मामले में मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास ने बताया कि मामले में अब तक आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

## जनसुराज बिहार बदलाव सभा के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**महाराजगंज(सिवान)।** प्रखंड के पोखरा गांव में सोमवार को जनसुराज बिहार बदलाव सभा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य आयोजक जनसुराज नेता पूर्व प्रखंड प्रमुख राज कुमार भारती ने बताया कि सभा का मुख्य उद्देश्य जन सुराज की विचारधारा को हर घर तक पहुंचाना एवं राजनीतिक व सामाजिक रूप से सक्रिय लोगों को जन सुराज से जोड़कर पार्टी का विस्तार करना है। उन्होंने बताया कि बिहार बदलाव सभा के तहत कार्यक्रम आयोजित कर विधानसभा क्षेत्र में घूमकर जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही नए कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराकर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। सभा में बदलाव का हस्ताक्षर सैकड़ों लोगों से कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा पर्यवेक्षक अवधेश सिंह व मंच संचालन बबन तिवारी ने किया। इस मौके पर मौलाना नुरुद्दीन अंसारी, जुल्फिकार अहमद व कालिंद सिंह आदि उपस्थित थे।

## दारौंदा : विधायक ने किया गंडकी नदी पर शाखा पुल का शिलान्यास

- पिछले वर्ष 22 जून 2024 को पानी की तेज धार से ध्वस्त हो गया पुल
- 3.58 करोड़ की लागत से 32.40 मीटर लंबा बना रहा पुल

**परवेज अख्तर/सीवान।** दारौंदा प्रखंड के रामगढ़ा पंचायत के गोरौली स्थित गंडक नदी शाखा पर सोमवार को विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह ने मुख्यमंत्री सेतु योजना से स्वीकृत 32.40 मीटर लंबा पुल का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए विधायक कर्णजीत सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष गंडकी नदी शाखा पर पुल ध्वस्त हो गई गया था। उसी समय से इस पुल निर्माण कार्य शुरू करने का प्रयास चल रहा था। काफी प्रयास के बाद पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई तथा आज से कार्य शुरू भी हो गया। उन्होंने कहा कि सभी सड़कों एवं पुल का निर्माण कार्य कई जगह चल रहा है। उन्होंने कहा कि उच्चस्तरीय पुल का निर्माण 3.58 करोड़ की लागत से बनेगी। इस पुल के निर्माण से महाराजगंज एवं दारौंदा प्रखंड के दर्जनों गांव के लोगों को लाभ मिलेगा। समारोह को उमेश कुमार सिंह, उप प्रमुख हरेश यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, अरुण भारती, जितेंद्र कुमार सिंह आदि ने भी संबोधित करते हुए सरकार की विभिन्न उपलब्धि को गिनाया। ज्ञात हो कि प्रखंड के रामगढ़ा पंचायत के गोरौली स्थित गंडक नदी शाखा पर बना 33 वर्ष पुराना पुल पिछले वर्ष 22 जून 2024 को पानी की तेज धार से ध्वस्त हो गया था। ग्रामीणों ने बताया कि इस का निर्माण 1989-91 में तत्कालीन विधायक उमाशंकर सिंह एवं ग्रामीणों के सहयोग से किया गया था। इस पुल से दारौंदा एवं महाराजगंज प्रखंड के दर्जनों गांवों के लोगों को आने-जाने का सुगम रास्ता था। इस पुल के ध्वस्त होने से इन दोनों प्रखंडों के कई गांवों के लोगों को परेशानी का सामना करना रहा है। इस पुल के निर्माण होने से लोगों को राहत मिलेगी।

## स्पेशल ड्राइव में 64 वाहनों से वसूला गया 1.50 लाख जुर्माना,नियमों के अनुपालन की दी गई जानकारी

**परवेज अख्तर/सीवान।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी के निर्देश के आलोक में यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर सोमवार की दोपहर ट्रैफिक डीएसपी शैलेश प्रीतम के नेतृत्व में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। वाहन चालक जांच से बचने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 64 वाहनों से लगभग 1 लाख 55 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। इसमें बिना हेलमेट, चार पहिया वाहनों का सीट बेल्ट, ट्रिपल लोडिंग, नो-पार्किंग, कागजात सहित अन्य मामले शामिल हैं। विशेष अभियान के क्रम में बिना हेलमेट स्कूटी की सवारी कर रही युवतियों से भी जुर्माना वसूला गया। साथ ही सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का अनुपालन करने की नसीहत भी दी गई। यातायात डीएसपी ने कहा कि जिले में लापरवाही के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। सड़क दुर्घटना में चोट के खतरे को कम करने के लिए सुरक्षा एक बेहतर कदम है। कहा कि सभी को यातायात नियमों की अच्छे से जानकारी होनी चाहिए। खासतौर से युवाओं को वाहन चलाने के दौरान मोबाइल फोन या दूसरे इलेक्ट्रानिक उपकरणों के इस्तेमाल के कारण ध्यान भटकने से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। ऐसे मामले में सड़क हादसों और चोटों से दूर रखने के लिए यातायात नियम और कानून बहुत मदद करता है।

## चिमनी भट्ठा से चापाकलों सहित अन्य सामचान की चोरी

**हुसैनगंज(सिवान )।** थाना क्षेत्र के महुवल स्थित आजाद ईट भट्ठे से पांच जुलाई की दोपहर चोरों ने 10 चापाकल, चैनल एवं बाल्टी सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली। इस मामले में चिमनी के मुंशी कैलाश साह ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि चोरी की घटना बगल में लगे घर के सीसी कैमरे में दिखाई दे रहा है। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी कर जांच की जा रही है।

## भोजपुर में अपराधियों ने युवक को मारी गोलीःकमर में लगी बुलेट, हालत गंभीर; चाकूबाजी मामले में था आरोपी



**भोजपुर एजेंसी।** भोजपुर में अपराधियों ने चाकू मारने के विवाद में एक युवक को गोली मार दी। बुलेट दाहिने साइड कमर में लगी है। दोस्तों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। हालत गंभीर बनी हुई है।

घायल की पहचान कारनामेपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा निवासी राकेश मिश्रा उर्फ धीरज मिश्रा(25) के तौर पर हुई है। आरा स्टेशन पर पेंट्री में काम करता था। न्यू करमन मोहल्ले में किराए के घर में रह रहा था। घटना नवादा थाना क्षेत्र के प्राइवेट बस स्टैंड के पास की है।

**बुधवार को चाकू से किया था हमला:** घायल राकेश मिश्रा बुधवार को उसके दोस्त भोला यादव ने दो लोगों पर चाकू से हमला किया था। इस मामले में मुझे भी आरोपी बनाया गया था। जान से मारने की धमकी दई गई थी। रविवार देर शाम एक दोस्त के साथ बस स्टैंड स्थित होटल में खाना लेने गया था। इस बीच पांच संख्या में बदमाश पहुंचे और मुझे गोली मार दी। संतोष कुमार, बादल और सूरज कुमार पर गोली मारने का आरोप लगाया है।

सदर अस्पताल के सर्जन विकास सिंह ने बताया युवक के कमर में गोली लगी है। फिलहाल खतरे से बाह है। ऑब्जर्वेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन की रही है।

## कटोरिया में जमीन विवाद में मारपीटःतीन लोगों ने मां-बेटे को लोहे की रॉड से पीटा, अस्पताल में भर्ती



**कटोरिया, बांका एजेंसी।** बिहार के बांका जिले में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। कटोरिया थाना क्षेत्र के एड़रा गांव में सोमवार सुबह एक व्यक्ति को अपने ही खेत में जोताई करना महंगा पड़ गया।

रवींद्र यादव अपने हिस्से के खेत में जोताई कर रहे थे। इसी दौरान गांव के सुधीर यादव अपनी मां और पत्नी के साथ वहां पहुंचे। उन्होंने खेत में अपना हिस्सा बताते हुए जोताई रोकने की कोशिश की। रवींद्र के विरोध करने पर तीनों ने मिलकर लोहे के रॉड और डंडों से उन पर हमला कर दिया। बेटे को बचाने आई रवींद्र की मां धनसरिया देवी के साथ भी मारपीट की गई। फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (स्नस्रु) की टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जो घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। घायल मां-बेटे को कटोरिया रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर अमित महाजन उनका इलाज कर रहे हैं। पीड़ित परिवार ने कटोरिया थाने में अभी तक कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। घटना की सिर्फ मौखिक सूचना दी गई है। प्राथमिक जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस को मौके से कोई ऐसा दस्तावेज, पहचान पत्र या मोबाइल नहीं मिला है, जिससे महिला की शिनाख्त हो सके। फिलहाल महिला के फिंगरप्रिंट लेकर आधार कार्ड से उसकी पहचान सुनिश्चित करने की प्रक्रिया चल रही है। नाच पार्टी संचालक और अन्य नर्तकियां फरार बताया जा रहा है कि चकौड़ा गांव निवासी पकौड़ी तिवारी के नाम से एक नाच पार्टी चलती थी, जो उत्तर प्रदेश के सोनभद्र क्षेत्र से नर्तकियों को बुलाकर गांव-गांव में कार्यक्रम कराता था। कार्यक्रम के दौरान ये महिलाएं गांव में ही किराए पर लिए गए मकानों में रहती थीं।

## दो बच्चों को डूबते देख गड्ढे में कूदा युवकः दोनों को सुरक्षित निकाला बाहर, तैरना नहीं आने के कारण खुद डूबा, मौत

**सीवान ,एजेंसी।** सीवान में एक 19 वर्षीय युवक ने दो बच्चों की जान बचाने के लिए अपनी जान दे दी। घटना सुल्तानपुर दाहाबाड़ी गांव की है। रविवार दोपहर सड़क निर्माण के दौरान बने एक गड्ढे में दो किशोर नहाने उतरे। बारिश के पानी से भरे इस गड्ढे की गहराई का अंदाजा न होने से दोनों डूबने लगे। उनकी मदद की पुकार सुनकर पास बैठे लोकेश कुमार यादव ने बिना देर किए गड्ढे में छलांग लगा दी। लोकेश ने दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल दिया। लेकिन खुद तैरना नहीं जानने के कारण वह गहरे पानी में डूब गया। ग्रामीणों ने उसे निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। **ठेकेदार की लापरवाही से हादसा :** मृतक लोकेश के पिता अरुण कुमार यादव खाड़ी देश में काम करते हैं। परिवार का कहना है कि यह हादसा ठेकेदार की लापरवाही का नतीजा है। सड़क किनारे की गई गहरी खुदाई को सुरक्षित नहीं किया गया था, जो बारिश में खतरनाक गड्ढे में बदल गई। गांववासी लोकेश की वीरता की सराहना कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर लोकेश नहीं होता, तो तीन परिवारों में मातम होता। तैरना न जानने के बावजूद दो जिंदगियां बचाकर लोकेश ने अपनी बहादुरी का परिचय दिया।

## भोजपुर में छत से नीचे गिरने से मजदूर की मौतः निर्माणाधीन मकान में चल रहा था काम

**भोजपुर,एजेंसी।** भोजपुर में छत से नीचे गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। निर्माण कार्य के दौरान बैलेंस बिगड़ने से हादसा हुआ है। मृतक की पहचान चक्रदाह निवासी अनंत राम के पुत्र जितेंद्र कुमार राम(45) के तौर पर हुई है। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव की है। मृतक के भाई अजीत राम ने बताया कि बेलाउर गांव में मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। भाई वहां मजदूरी करने गए थे। काम करने के दौरान असंतुलित होकर छत से नीचे गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोग आनन-फानन में सदर अस्पताल लेकर पहुंचे।

## नवादा में ताड़ के पेड़ से गिरा युवकः 40 फीट ऊंचाई से गिरने से टूटा हाथ और सीने में लगी चोट

**नवादा,एजेंसी।** नवादा जिले के वारसलीगंज प्रखंड के मसूदा गांव में रविवार को एक दुर्घटना हुई। ताड़ी निकालने के दौरान उपेंद्र चौधरी नाम का युवक 40 फीट ऊंचे ताड़ के पेड़ से नीचे गिर गया। यह घटना तब हुई जब उपेंद्र पेड़ पर ताड़ी उतारने के लिए चढ़ा था। अचानक पैर फिसलने के कारण उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पेड़ से नीचे गिर गया। परिजनों को इस घटना ती सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और घायल को सदर अस्पताल ले गए। अस्पताल के डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि उपेंद्र के सीने में चोट लगी है और उनका एक हाथ टूट गया है। इतनी ऊंचाई से गिरने के कारण शरीर के कई हिस्सों में चोट आई है। उपेंद्र रोजाना ताड़ के पेड़ पर चढ़कर ताड़ी निकालने का काम करते थे। वह अपने परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य हैं और ताड़ी बेचकर ही परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

